an>

Title: Need to install a new medium wave transmitter tower at akashwani centre, Rewa, Madhya Pradesh.

श्री जनार्दन मिश्रा (रीवा) ः आकाशवाणी रीवा विन्ध्य क्षेत्र में प्रचार-प्रसार का एकमात्र प्रमुख माध्यम है जो विगत 40 वर्षों से संभाग के श्रोताओं के लिए मनोरंजन एवं जानकारी प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम रहा है। लेकिन मार्च, 2013 में आए आंधी-तूफान के कारण 126 मीटर ऊँचा मीडियम वेव मास्ट टूट गया है। जिसके कारण आकाशवाणी की कवरेज सीमित क्षेत्र तक रह गई है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों द्वारा शिकायतें की जाती हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी के ""मन की बात"" कार्यक्रम का श्रोताओं को सही लाभ नहीं मिल पा रहा है। केन्द्र के अधिकारियो से बात करने पर यह संज्ञान में आया है कि आकाशवाणी महानिदेशालय स्तर पर नया मास्ट लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिसमें अनुमानित खर्च 3,25,76,735 रूपए होने का अनुमान है। संभवतः यह कार्य बजट व्यवस्था न होने के कारण रूका है।

अतः आकाशवाणी रीवा की लोकप्रियता को देखते हुए मैं चाहूंगा कि आकाशवाणी रीवा में नया मीडियम वेव मास्ट लगाए जाने हेतु शीघ्र वांछित राशि का प्रबंध कर संबंधित अधिकारियों को पूरा करने के लिए निर्देशित करें।